वैभव विराट महायज्ञ के लिए रथ यात्रा का हुआ शुभारंभ

वाल्मीकिनगर (पचं)। पड़ोसी देश नेपाल के त्रिवेणी धाम में स्थित गजेन्द्र मोक्ष धाम में श्री गजेंद्र मोक्ष नारायण वैभव विराट महायज्ञ के लिए मुक्तिनाथ में विधिवत रूप से पूजा पाठ के पश्चात रथयात्रा का शुभारंभ रविवार को किया गया। मेची से महाकाली तक निकाली गई रथयात्रा नेपाल के लगभग सभी जिला से होकर गुजरते हुए 16 नवंबर को त्रिवेणी में इसका समापन होगा। रथयात्रा के दौरान रथ पर सवार भगवान नारायण को सभी मठ मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। गजेन्द्र मोक्ष धाम के प्रभारी स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य जी महराज ने बताया कि वैदिक सनातन धर्म की रक्षा, आध्यात्मिक चेतना का विस्तार तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश देने के उद्देश्य से त्रिवेणी स्थित समापन 15 दिसंबर को किया जाएगा। महायज्ञ में निमंत्रण देने के उद्देश्य से तक 25 अक्टूबर से 16 नवंबर तक मेची से महाकाली तक



गजेन्द्र मोक्ष धाम में एक माह तक चलनेवाली श्री गजेन्द्र मोक्ष नारायण वैभव विराट महायज्ञ का आयोजन 17 नवंबर से किया जा रहा है। इसका राष्ट्व्यापी श्री मुक्तिनाथ रथयात्रा निकाली गई है। श्री मुक्तिनाथ पीठाधीश्वर स्वामी कमलनयनाचार्य जी महराज के संकल्प के अनुसार आयोजित इस रथ यात्रा के द्वारा पूर्व से पश्चिम तक के प्रमुख धार्मिक स्थल, मठ मंदिर तथा तीर्थ धाम को जोड़ा जाएगा। 25 अक्टूबर को मुक्तिनाथ से शुरू हुआ रथयात्रा पंचकोटी, पोखरा, काठमांडू,, धरान, जनकपुर, नारायणगढ़, बर्दघाट, नेपालगंज, महेंद्रनगर,, धनगढी, कोहलपुर, दांग होते हुए 16 नवंबर को भैरहवा का नगर परिक्रमा करते हुए त्रिवेणी धाम स्थित गजेन्द्र मोक्ष धाम में में रथयात्रा का समापन होगा। फिर 17 नवंबर से एक माह तक त्रिवेणी स्थित गजेन्द्र मोक्ष धाम में गजेन्द्र मोक्ष नारायण वैभव विराट महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

लावारिस हालत में रखे दो बोरा से 100 लीटर देसी शराब बरामद

सिकटा (संवाद सूत्र)। कंगली थाने की पुलिस ने शनिवार की रात अजगरी पुल के पास लावारिस हालत में रखे दो बोरों से 100 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। वहीं, वाहन जांच के दौरान नेपाल से शराब पीकर लौट रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात गश्ती के दौरान करीब 11 बजे अजगरी पुल के पास जूट के दो बोरे लावारिस हालत में मिले। तलाशी लेने पर उनमें 10 पॉलीथिन में भरी देशी चुलाई शराब बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार, गाड़ी देखकर धंधेबाज शराब छोड़कर त्रिवेणी नहर की ओर फरार हो गए। मामले में अज्ञात धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

मेले की खुशियां मातम में बदली

पेड़ से टकरायी बाइक, 20 वर्षीय युवक की मौत

नौतन। थाना क्षेत्र के खड्डा कुंजलही गांव के शेख टोली निवासी 20 वर्षीय शेख साजिश अली की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शनिवार की रात करीब 11 बजे मझौलिया के बिनवलिया पुल के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में युवक की जान चली गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, शेख साजिश अली अपने गांव से मझौलिया में मेला देखने जा रहा था। इसी दौरान बिनवलिया पुल के पास यह हादसा हो गया। साजिश इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। कम उम्र में उसकी असमय मौत से परिवार के सपने बिखर गए हैं। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में एक बहन भी है। घर के बड़े बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां रेहाना बेगम सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस घटना से मर्माहत हैं। जिस उम्र में साजिश को अपनी पढ़ाई पूरी कर भविष्य संवारना था, उस उम्र में उसकी जिंदगी का सफर अचानक थम गया।घटना की सूचना मिलने पर नौतन पुलिस कुंजलही के शेख टोली गांव पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक की मां रेहाना बेगम से आवेदन प्राप्त कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सामाजिक संदेश सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही भी किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। बाइक चलाते समय गति पर नियंत्रण, यातायात नियमों का पालन और पूरी सावधानी बरतना जरूरी है, ताकि किसी मां की गोद सूनी न हो और किसी परिवार का सहारा असमय न छिने।

पुराने रंजिश में युवक को मारी चाकू

नौतन। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनसरैया मस्जिद के समीप शनिवार की देर शाम पुराने रंजिश को कतिपय युवकों ने खडडा पतहरी गाँव के सिंकदर पासवान के सत्रह वर्षीय पुत्र सुगंध कुमार को चाकू मारकर घायल कर दिया. घायल युवक को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया गया है. घायल युवक की हालत गंभीर बताया जा रहा है. घटना की सूचना पर अस्पताल पहुँच कर पुलिस मामले की जांच पडताल शुरू कर दिया है।

चंपारण तटबंध के पास रात में धड़ल्ले से मिट्टी कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश

बैरिया (आससे)। बैरिया। अंचल क्षेत्र के श्रीनगर थाना अंतर्ग शनिवार की देर रात बनरही गांव में जमीन से धड़ल्ले से मिट्टी कटाई किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार चंपारण तटबंध से महज 200 से 250 मीटर की दूरी पर रातभर मिट्टी की कटाई होती रही। इससे आसपास के खेत मालिकों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जेसीबी व अन्य वाहनों की आवाज और लगातार आवाजाही के बावजूद पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि रात में लगातार गतिविधियां चलने के बावजूद कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है। लोगों को अपने खेतों और फसलों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता सता रही है। ग्रामीणों के अनुसार हाल में आई बाढ़ से क्षेत्र में पहले ही फसल और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है। ऐसे में तटबंध के समीप मिट्टी कटाई से खतरे की आशंका बनी हुई है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थल पर एनएच-727 निर्माण के लिए जमीन स्वीकृत है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से स्थल की जांच, मिट्टी कटाई की अनुमति की जांच और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।। हलाकी ईस संबंध में श्रीनगर पूजहा थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हुआ जिससे उनकी प्रतिक्रया नही ली गई।

अवैध कब्जे के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त, दो गिरफ्तार

डीएम के निर्देश पर अतिक्रमणकारियों एवं भू-माफियाओं के विरुद्ध अभियान तेज

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं भू-माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी श्री तरनजोत सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी करगहिया, थाना नंबर-132 स्थित पूसाधारी फार्म की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराए जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई। इस मामले में तीन व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जबकि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर ने बताया कि दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न में पूसाधारी फार्म की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। एसडीएम, बेतिया सदर के निर्देश पर आरओ, बेतिया राज, अंचलाधिकारी, बेतिया सदर तथा थानाध्यक्ष, मुफस्सिल थाना बेतिया की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण कार्य को रुकवाया। काररवाई के दौरान निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री को जब्त किया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। मौके पर मौजूद बंटी कुमार, अभिषेक सुमन द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद किए जाने तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और विधि-व्यवस्था भंग करने का प्रयास किए जाने की बात सामने आई। इस मामले में बंटी कुमार, अभिषेक सुमन एवं संजय राय के विरुद्ध बेतिया मुफस्सिल थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बंटी कुमार एवं अभिषेक सुमन को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। डीएम तरनजोत सिंह के निर्देशानुसार सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने, अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराने तथा प्रशासनिक कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमि की सुरक्षा, अतिक्रमण पर रोक तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अनियंत्रित बाइक ने मारी साइकिल में टक्कर, तीन घायल

लौरिया (संवाद सूत्र) लौरिया बगहा मुख्य मार्ग एन एच 727 स्थित सिसवनिया चौक के समीप रविवार को अनियंत्रित बाइक साइकिल में जोरदार टक्कर मर दी । जिसमें बाइक सवार दो युवक एवं साइकिल सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टोल एम्बुलेंस के चालक ने तीनों घायलों को सीएचसी लौरिया पहुंचाया जहां पर डाक्टर रामु कुमार ने तीनों घायलों का इलाज किया वहीं साइकिल सवार की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया गया । घायलों की पहचान बाइक सवार शनिचरी थाना क्षेत्र के शनिचरी बेलबाग निवासी सुरेंद्र राम के 16 वर्षीय पुत्र मनिष कुमार तथा इसी गांव के सनहु राम के 19 वर्षीय पुत्र अमीत कुमार के रुप में हुई । वहीं साइकिल सवार की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के सिसवनिया शुकुल टोला निवासी बंटी राम के 48 वर्षीय पुत्र रुदल राम के रूप में हुई । डाक्टर रामु कुमार ने बताया कि रुदल राम के सर में गंभीर चोट लगा था उसे देखते हुए उन्हें बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल अमीत कुमार ने बताया कि वह अपने घर से बाइक से अपनी बहन के घर बीबी बनकटवा जा रहें थे जैसे ही सिसवनिया चौक के समीप पहुंचे तभी दुर्घटना का शिकार हो गए। थानाध्यक्ष इन्द्रजीत पासवान ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है मामले की जांच की जा रही हैं ।

दूसरी शादी करने जा रहे दूल्हे को बनाया बंधक

मझौलिया (संवाद सूत्र)। मझौलिया थाना क्षेत्र के शेख मंझरिया पंचायत के पुरशोतीपुर गांव में शुक्रवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब दूसरी शादी करने जा रहे एक दूल्हे को ग्रामीणों ने रास्ते में घेरकर बंधक बना लिया। सूचना पर सरपंच और तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी समझाने-बुझाने के बाद लड़की पक्ष ने दूल्हे को पुलिस के हवाले कर दिया।पंचायत के सरपंच संजय कुमार पटेल के अनुसार, पुरशोतीपुर निवासी इमाम अली ने अपनी पुत्री की शादी पूर्वी चंपारण के मलाही थाना क्षेत्र के चटिया निवासी कलामुद्दीन मियां के पुत्र मजुल्लाह आलम से तय की थी। लड़की पक्ष का आरोप है कि शादी के लिए ढाई लाख रुपये नकद और सोने की चेन दी गई थी। 25 मार्च 2026 को शादी होनी थी, लेकिन ऐन मौके पर अपाची बाइक की मांग को लेकर बारात नहीं आई और शादी टूट गई इसके बाद इमाम अली ने मलाही थाने में कांड संख्या 140/26 दर्ज कराते हुए दूल्हे समेत उसके पिता, माता, भाई और साढू को आरोपित किया था। मामला चल ही रहा था कि लड़की पक्ष को पता चला कि दूल्हे की दूसरी शादी सुगौली थाना क्षेत्र के श्रीपुर में तय कर दी गई है।शुक्रवार को इसकी जानकारी मिलने पर लड़की पक्ष ने हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कन्छेदवा में दूल्हे की गाड़ी रोक ली और उसे पुरशोतीपुर ले आया। सूचना पर मझौलिया, मलाही और हरसिद्धि थाने की पुलिस पहुंची। पूर्व में दी गई रकम लौटाने की मांग पर अड़े लड़की पक्ष को न्याय का भरोसा दिलाया गया, जिसके बाद दूल्हे को पुलिस के हवाले कर दिया गया। इधर, श्रीपुर पहुंचे बाराती लौट गए।

दो वारंटी गिरफ्तार

वाल्मीकिनगर (पचं)। समकालीन अभियान के तहत न्यायालय के दो वारंटियों को नौरंगिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शनिवार की देर शाम गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। न्यायालय ए सी जे एम द्वितीय बगहा के टीआर नंबर 22/26 का वारंटी मेहीलाल साहनी और अनिल साहनी दोनों साकिन सिरिसिया थाना नौरंगिया को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए नौरंगिया थानाध्यक्ष राज रौशन ने बताया कि दोनों वारंटी को गुप्त सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

बालिका दिवस पर 250 बालिकाओं व अभिभावकों ने लिया भाग

भैरोगंज (संसू)। समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान द्वारा संचालित समग्र विकास परियोजना, बगहा-01 के तत्वावधान में शनिवार, 24 अक्टूबर को बालिका दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही समाज में बालिकाओं के सम्मान और समान अवसरों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बगहा विधायक राम सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा महिला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी, जीविका बगहा-

शिक्षा और सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



01 के प्रतिनिधि अमरेश कुमार, परसा-बंचहरी पंचायत की मुखिया मंजू देवी तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नड्डा की प्रधान शिक्षिका सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थान के वरीय अधिकारियों, आजीविका उत्प्रेरक दीदियों, अनुदेशकों, अनुदेशिकाओं और बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक लगाने, बाल श्रम को समाप्त करने तथा बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाएं समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के साथ आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने अभिभावकों से अपील की कि वे बालिकाओं की पढ़ाई को प्राथमिकता दें और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित करें। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें अपने जीवन से जुड़े निर्णय लेने में सक्षम बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

शॉर्टसर्किट से लगी आग दर्जनभर से अधिक घर राख

नौतन। अंचल क्षेत्र के गहिरी मुशहरी टोला गाँव में रविवार को दोपहर बिजली के शर्ट सर्किट से अचानक लगीं आग में दर्जनभर से अधिक घर जलकर राख हो गया. इस घटना में एक भैंस जलकर झुलस गयीं. ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया. पंचायत के मुखिया अनुपलाल यादव ने आग लगी की घटना की सूचना बीडिओ गिरधारी लाल थानाध्यक्ष राजीव कुमार को दे दी है. जानकारी के अनुसार बिजली के शर्ट सर्किट से अचानक फुंस की झोपड़ी में आग लग गया. देखते ही देखते आग पुरे बस्ती में पकड़ लिया. जलते घर को देख ग्रामीणों ने आग बुझाने में जुट गए. इस घटना में मनन मांझी की भैंस झुलस गयीं. जबकि टीमल मांझी, अमित मांझी, भिमल मांझी, विदेशी मांझी, लालदेव मांझी।

प्रधानमंत्री के मन की बात का हुआ प्रसारण

बेतिया। पंचायतों के निर्वाचित सदस्यों, ग्राम सभा के सदस्यों, महिलाओं, युवाओं एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके बीच विकास संबंधी मुद्दों पर सार्थक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 25.10.2026 को पश्चिम चम्पारण जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत कार्यालय यथा पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन, एवं सामुदायिक भवनों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे अपराह्न तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं से सभी ग्रामीणों को अवगत कराया गया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात का 139 वां संस्करण का प्रसारण किया गया।

11 को मोतिहारी में मनेगा शिक्षा दिवस, पांच दर्जन शिक्षक होंगे सम्मानित

बगहा (आससे)। ऑल बिहार उर्दू टीचर्स एसोसिएशन (अबुटा) के तत्वावधान में 11 नवंबर को भारत रत्न एवं देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर मोतिहारी शहर के टाउन हॉल में भव्य शिक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में शहर के हनुमानगढ़ी स्थित कार्यालय में आयोजित संगठन की बैठक में अबुटा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अकील अहमद ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी शिक्षा दिवस समारोह को भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ बिहार की प्रतिष्ठित शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सामाजिक हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद के शैक्षणिक योगदान और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अबुटा के महासचिव मोहम्मद अमानुल्लाह ने बताया कि समारोह में लगभग पांच दर्जन शिक्षकों



को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शिक्षण सेवाओं के लिए मौलाना अबुल कलाम आजाद आदर्श सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता, समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, शांति एवं सद्भाव तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वाली हस्तियों के चयन के लिए एक चयन समिति गठित की गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की जानकारी जुटा रही है। अभी कुछ नाम प्राप्त हुए हैं। सभी क्षेत्रों से नामों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद सम्मानित होने वाली विभूतियों की सूची सार्वजनिक की जाएगी।जिले के सभी 27 प्रखंडों में गठित होंगी संगठन की समितियां। अबुटा के संगठन सचिव ओजैर सालिम ने कहा कि उर्दू भाषा एवं साहित्य के विकास, उर्दू शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण जरूरी है। इसी उद्देश्य से शिक्षा दिवस समारोह से पहले पूर्वी चंपारण जिले के सभी 27 प्रखंडों में संयोजक नामित कर उनके नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय समितियों का गठन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव और कोषाध्यक्ष के साथ अन्य सदस्य शामिल होंगे। संगठन के विस्तार से शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने, उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने में मदद मिलेगी। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष फिरोज आलम ने कहा कि एकता में ही शक्ति है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

दो वारंटी गिरफ्तार

बगहा (आससे)। नौरंगिया थाना पुलिस ने सिरिसिया गांव में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है इसकी जानकारी देते हुए नौरंगिया थानाध्यक्ष राज रौशन ने बताया कि सिरिसिया गांव निवासी मेहिलाल सहनी व अनिल सहनी एक मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को शनिवार की रात्रि गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बगहा भेज दिया गया है।

इधर, नौतन थाना क्षेत्र के दक्षिण तेल्हुआ गांव में रविवार की रात अपने भाभी के कमरे में घुसे एक आरोपी को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।मामले महिला के पति के आवेदन पर थाना कांड संख्या 532/26 दर्ज की गई। पुछताछ में मामले की जांच पड़ताल कर पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पकड़ा गया प्राथमिकी अभियुक्त अशोक कुमार पिता उमा साहनी दक्षिण तेंल्हु आ का बताया गया है।

15 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

बगहा (आससे)। लौकरिया थाना पुलिस ने भालुटोला गांव में छापेमारी कर एक तसला व एक पीला रंग का प्लास्टिक का गैलन था।जिसे पुलिस कर्मियों ने



15 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।इस बावत लौकरिया थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि भालुटोला गांव में देशी चुलाई शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। सुचना के आधार पर भालु टोला गांव में छापेमारी की गई। जहां एक घर से एक व्यक्ति निकलकर भागने लगा। जिसके हाथ में दौड़कर पकड़ लिया तथा पुछने पर उसने अपना नाम विनोद उरांव बताया। उसके हाथ में पकड़ा तसला व प्लास्टिक के गैलन की जांच करने पर उसमें रखा 15 लीटर देशी चुलाई शराब को बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मधनिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत में बगहा भेज दिया गया है।

पड़ोसी महिला के घर से रात में पकड़ाया वार्ड सदस्य ग्रामीणों ने वार्ड सदस्य की धुनाई कर पुलिस को सौंपा

नौतन। थाना क्षेत्र के दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के वार्ड संख्या बारह के वार्ड सदस्य बिनोद साह को ग्रामीणों ने शनिवार की मध्य रात्रि एक घर से पकड़ लिया। और उसकी जमकर धुनाई कर दिया। जिसका विडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने वार्ड सदस्य के घर में घुसने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने वार्ड सदस्य को दबोच थाने लाई। इस घटना की चर्चा तेल्हुआ पंचायत में आग की तरह फैल गई है। थाने में पुलिस ने पकड़े गए वार्ड सदस्य बिनोद साह से घटना के बाद गहन पूछताछ की। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि वार्ड सदस्य बिनोद साह विगत दस वर्षों से वार्ड बारह के वार्ड सदस्य के पद पर हैं।उनका पड़ोस के ही एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिससे मिलने उसके घर हमेशा जाता था। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में इसको लेकर नाराजगी थी। शनिवार की मध्य रात्रि वार्ड सदस्य जैसे महिला के घर में घूसा की कुछ देर बाद लोगों को इसकी भनक लग गई। जिसको देख ग्रामीणों ने तुरंत दरवाजा खोलवाया। जहां वार्ड सदस्य पलंग के निचे घुस गया। ग्रामीणों ने उसे पलंग के निचे से निकाला तथा उसकी धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

कचरा उठाव वाहन खराब होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित

मझौलिया (संवाद सूत्र)। मझौलिया पंचायत भवन में रविवार को मुखिया सत्यप्रकाश के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।ग्राम सभा में पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन एवं साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कचरा संग्रह वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठी है।इस संबंध में मानव बल ने मुखिया को ज्ञापन सौंप कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।आवेदन के अनुसार, मझौलिया पंचायत में ठोस कचरा संग्रहण एवं निष्पादन का कार्य प्रभावित हो रहा है। कचरा उठाव में आ रही परेशानी के कारण पंचायत के विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई हो रही है। इससे ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए कचरा संग्रहण के साधनों की उपलब्धता आवश्यक है।मुखिया ने बताया है कि पंचायत के विभिन्न वार्डों में घर-घर से कचरा संग्रह करना तथा उसका उचित निष्पादन करना स्वच्छता अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

विशेष अभियान के दौरान कई आरोपी गिरफ्तार वसूले गये 95 हजार जुर्माना

बगहा (आससे)। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देश पर पुलिस जिला बगहा में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से कई आरोपितों को गिरफ्तार किया गया । वहीं अभियान के दौरान 37 वारंटों का निष्पादन किया गया । वाहन जांच के क्रम में 363 वाहनों की जांच कर 95 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया ।इसकी जानकारी एसपी ने दी।एसपी के अनुसार धनहा थाना पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत गुड्डू शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की।वहीं चौतरवा थाना पुलिस ने वारंटी जितेंद्र साह को गिरफ्तार किया। रामनगर थाना पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के तहत मानवती देवी को गिरफ्तार किया।इस दौरान 9.5 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई।लौकरिया थाना पुलिस ने वारंट के मामले में गम्हा राम और ओमप्रकाश साह को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।वहीं सुजीत महतो और मनोज महतो को वारंट के मामले में गिरफ्तार करने के बाद रिकॉल पर मुक्त कर दिया गया।धनहा थाना पुलिस ने मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत सविंदर महतो और सनीदेव उर्फ सन्नी गुप्ता को गिरफ्तार किया।

रसोइयों के मानदेय में कटौती से उबाल

30 तक भुगतान नहीं, तो डीईओ कार्यालय का होगा घेराव : एटक

नौतन। बिहार राज्य विद्यालय रसोइया यूनियन, एटक की बैठक जिला कार्यालय बलिराम भवन में शंभू मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रसोइयों के बकाया मानदेय, मानदेय में कटौती और विद्यालयों में रसोइयों से अतिरिक्त काम कराने समेत कई समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। यूनियन के अध्यक्ष लाल बाबूराम ने बताया कि रसोइयों को तीन महीने का मानदेय मिला है, लेकिन उसमें भी कटौती की गई है। रसोइयों को कुल 3,300 रुपये मासिक मानदेय दिया जाता है, जिसमें राज्य सरकार की ओर से 2,300 रुपये और केंद्र सरकार की ओर से 1,000 रुपये दिए जाने की बात कही गई। इस बार केंद्रांश की राशि नहीं मिलने से रसोइयों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 75 प्रतिशत रसोइयों के खाते में मानदेय भेजा गया है, जबकि 25 प्रतिशत रसोइयों को अब तक भुगतान नहीं हुआ है। यूनियन ने चेतावनी दी कि 30 अक्टूबर तक बकाया मानदेय का भुगतान नहीं होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यूनियन की सचिव वीणा देवी ने कहा कि विद्यालयों में सफाईकर्मियों को हटाए जाने के बाद रसोइयों से झाड़ू लगवाने, बाथरूम साफ कराने और मैदान की सफाई जैसे काम कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रसोइयों की जिम्मेदारी भोजन बनाना और बच्चों को परोसना है।

उनसे सफाईकर्मियों का काम कराना बंद किया जाए। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि कई विद्यालयों में अब तक गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे में रसोइयों को लकड़ी और पत्ते जलाकर भोजन बनाना पड़ता है। यूनियन ने सभी विद्यालयों में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि बच्चों के लिए समय पर भोजन तैयार हो सके। इसके अलावा, एनजीओ के माध्यम से विद्यालयों में पहुंचाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए। यूनियन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस भोजन को खाने के बाद कई बच्चों की तबीयत खराब होने की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच कराने और संबंधित व्यवस्था पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। यूनियन की प्रखंड अध्यक्ष रिंकू देवी ने कहा कि रसोइयों को भोजन बनाने, बच्चों को खिलाने और बर्तनों की सफाई के बाद घर जाने देना चाहिए। लेकिन आरोप है कि सुबह नौ बजे विद्यालय आने वाली रसोइयों को शाम चार बजे तक रोका जाता है।

व्यवसायी ने वित्त मंत्री को लैंड कस्टम समस्या से कराया अवगत

वाल्मीकिनगर (पचं)। एलियंस कौन्ट्रैक्ट्स एंड इंजीनियरिंग प्रा लि ने वित मंत्री निर्मला सीतारमण को त्राहिमाम पत्र भेजकर कहा है कि बिहार, जो आर्थिक रूप से पिछड़ा राज्य है, उसमें पश्चिम चंपारण एक उद्योग-विहीन जिला है, जो नेपाल के साथ सैकड़ों किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। यहां की अधिकांश जनता की आजीविका कृषि पर निर्भर है, किंतु ब्रिटिश काल से लेकर आज तक किसानों को उनके कृषि उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल सका। भारत सरकार द्वारा पश्चिम चंपारण को एग्री एक्सपोर्ट जोन घोषित किया जा चुका है, फिर भी बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र (संख्या 01) में आज़ादी के बाद स्थापित दो लैंड कस्टम स्टेशन (1) बाल्मीकि नगर एवं (2) सिकटा को लंबे समय तक कार्यरत रहने के बाद नेपाल के लिए निर्यात कार्य बंद कर दिया गया, जिससे यहां के किसानों के दुर्भाग्यपूर्ण दिन प्रारम्भ हो गए। दुर्भाग्यवश, इन दोनों लैंड कस्टम स्टेशनों से आज तक व्यावहारिक रूप से न तो नियमित आयात और न ही निर्यात कार्य प्रारम्भ हो सका।

इसके परिणामस्वरूप स्थानीय किसानों को बिचौलियों द्वारा उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, क्षेत्र में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है तथा नवयुवकों को स्मगलिंग जैसे गैरकानूनी कार्यों में अनिच्छा के बावजूद संगठित रूप से शामिल होना पड़ रहा है। एग्री एक्सपोर्ट जोन घोषित होने के बावजूद विभागीय स्तर पर कृषि उत्पादों के नेपाल निर्यात को बढ़ावा देने की कोई ठोस और सतत पहल नहीं की गई। प्रमाणस्वरूप, हमारी कंपनी द्वारा ताज़ी हरी सब्जियों (विशेष रूप से टमाटर) के निर्यात का प्रयास किया गया, जिसके लिए नेपाल त्रिवेणी कस्टम से संबंधित सभी औपचारिकताएँ तथा भारतीय सीमा शुल्क इडीआई सिस्टम के तहत शिपिंग बिल संख्या 7161887 दिनांक 21 जनवरी 23 (टमाटर, एच एस कोड 07095900) दर्ज कर निर्यात की प्रक्रिया पूरी की गई। परंतु नेपाल पक्ष में प्लांट क्वॉरंटाइन की पूर्ण सुविधा समय पर उपलब्ध न होने के कारण हमारी प्रथम निर्यात खेप 100त्न नष्ट हो गई, जिससे न केवल भारी आर्थिक हानि हुई, बल्कि स्थानीय किसानों में निर्यात व्यवस्था के प्रति भय और अविश्वास भी उत्पन्न हुआ। इसके बावजूद क्षेत्रीय हित में हमारी कंपनी ने पुनः प्रयास करते हुए 14 जनवरी 26 को नेपाल के त्रिवेणी से बाल्मीकि नगर एल सी एस (आई एन वी के एन बी) के माध्यम से सीमेंट का आयात किया। इस संबंध में नेपाल का भंसार प्रज्ञापन पत्र 14 दिसंबर 25 आयातित सिमेंट का भारतीय सीमा शुल्क के समक्ष दर्ज बिल ऑफ एंट्री संख्या बी ई नो0. आई एन वी के एन बी 7197108 दिनांक 30/01/2026, पोर्ट कोड, 50 बैग पी पी सी सीमेंट (एच एस कोड 25232930, 2,500चद्द, एसेसेबल वैल्यू आई एन आर 11,859.69) के रूप में विधिवत अभिलेख उपलब्ध हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि माल विधि-सम्मत रूप से आयात के लिए प्रसंस्कृत किया गया। किंतु ईडीआई सिस्टम की नाकामी का हवाला देकर आज तक यह माल हमें सुपुर्द नहीं किया गया, परिणामस्वरूप सीमेंट पूर्णतः बर्बाद/अप्रयोज्य हो चुका है, जबकि इस आयात पर जीएसटी, 100त्न फाइन तथा ब्याज तक की वसूली हमारी कंपनी से कर ली गई है। यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक, अन्यायपूर्ण तथा वैध व्यापार के प्रतिकूल है। पंजीयन सं.पी एम ओ पी जी/ई/2024/0050278 एवं पी एम ओ पी जी/2024/0066200 के संबंध में जो रिपोर्ट प्रेषित की गई है, उसमें यह उल्लेख है कि - सिकटा एल सी एस पर भारतीय पक्ष की ओर से सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, परंतु नेपाल के भिस्वा कस्टम पर आवश्यक सुविधाएँ एवं यू एन एल ओ सी कोड उपलब्ध न होने के कारण व्यापार संभव नहीं है। 09 जनवरी 2023 के उद्घाटन के बाद से आयात के लिए कोई पेपर फाइल नहीं हुआ है।